हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 18 मई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जर्जर ग्रामीणों को हो रही परेशानी
4



## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार : चुरतेली में समाधान शिविर आज

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत हाई स्कूल चुरतेली में 18 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत आयोजित चुरतेली समाधान शिविर में ग्राम पंचायत चुरतेली, चुरतेला, सुखदा, बांधापाली, बरतुंगा, देवरघटा, घिवरा, गोबरा, कांसा, कटौद, कुसमुल, लटियाडीह, कोटमी, निमोही, कबारीपाली, केकराभांठ, सिंघितराई, बाड़ादरहा एवं टुण्ड्री ग्राम पंचायत क्लस्टर शामिल रहेंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला सक्ती को शिविर स्थल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बम्हनीडीह में आयोजित शिविर स्थगित

**जांजगीर-चाम्पा।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में 4 जून को आयोजित किये जाने वाले जनसमस्या निवारण शिविर को स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण इसे स्थगित किया है। उक्त शिविर की आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### विकसित कृषि संकल्प यात्रा शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा ऊपर पारा रामसागर तालाब चौक में सोमवार 18 मई को सुबह 10 बजे से विकसित कृषि संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर किसानों को विभाग में संचालित योजनाओं एवं उन्नत तकनीक - मिट्टी परीक्षण, रासायनिक उर्वरक एवं खाद का संतुलित उपयोग, बीज उपचार कर बुआई करने, हरी खाद ढैंचा एवं सन तथा नील हरित काई उत्पादन एवं इसका धान व अन्य फसल में उपयोग - लाभ, ग्रीष्मकालीन जुताई, रबी में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसल लगाने, पीएम आशा योजना अंतर्गत फसलों का पंजीयन एवं बिक्री, धान की नई किस्म, रोग एवं कीट नियंत्रण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, एग्री स्टैक अंतर्गत किसान आईडी बनाना तथा उद्यान एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चाम्पा।** शादी का झांसा देकर नाबालिक से अनाचार मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम भलवाही का है। इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 10 मई को नाबालिक के परिजनो के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी के द्वारा नाबालिक को शादी का झांसा देकर पहले भगा लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया । इस मामले की गंभीरता को लेकर पुलिस ने आरोपी निवासी भलवाही अभय खुंटे उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पारस पटेल,सहायक उप निरीक्षक हेमलाल महिलांगे, प्रमोद महार, आरक्षक अमृत सूर्या, मनभावन पटेल का योगदान रहा।

---

गोली कांड स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा, परिजनों से चर्चा कर ली जानकारी

# करही पहुंचे पुलिस कप्तान, हत्यारों की धरपकड़ के लिए आपरेशन हंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चर्चित करही गोली कांड ने पुलिस प्रशासन की नींद हराम कर दी है। घटना के 23 दिन बाद भी पुलिस के हांथ खाली है। आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर कोई अहम सुराग भी अब तक नहीं मिला है। एसपी विजय पाण्डेय हैदराबाद के इंडक्शन ट्रेनिंग से लौटते ही सीधे करही पहुंचे। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक के परिवार वालो से मिलकर घटना के संबंध में पूछताछ की। वहीं हत्यारों की धरपकड़ के लिए "ऑपरेशन हंट" की शुरुआत की।



पीड़ित परिवार से चर्चा करते एसपी विजय पांडेय।

जांजगीर चांपा जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में हुए गोली कांड से पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है। जांच में पुलिस टीम उलझ कर रह गई है, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल पा रहा है। घटना 23- 24 अप्रैल की दरमियानी रात हुई थी। जब यह वारदात हुई तब एस पी विजय कुमार पाण्डेय हैदराबाद में आयोजित इंडक्शन प्रशिक्षण में थे। इस दौरान प्रभारी एस पी निवेदिता पाल कार्यभाल संभाल रही थी। पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में आयोजित 6 सप्ताह के आई पी एस इंडक्शन प्रशिक्षण पूर्ण कर 17 मई को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे। रायपुर से वे सीधे ग्राम करही पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर बिर्रा थाना प्रभारी और सायबर प्रभारी से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही मृतक आयुष कश्यप के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में पूछताछ की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान "ऑपरेशन हंट" की शुरुआत की है। पुलिस की टीमों को अलग - अलग दिशा में रवाना कर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। एस पी विजय पाण्डेय के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, साइबर थाना प्रभारी सागर पाठक एवं थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू भी उपस्थित रहे।

**लिया है जायजा**

हैदराबाद की ट्रेनिंग से लौटते ही सीधे करही जाकर पूरे घटना की विस्तार से जानकारी ली। घटना स्थल का भी जायजा लिया। थाना प्रभारी और साइबर प्रभारी से सभी पहलु पर जानकारी ली गई है। मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की है। ऑपरेशन हंट भी शुरु कर दिया है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

विजय पांडेय,
एसपी जांजगीर-चांपा

### कांग्रेस ने किया एसपी कार्यालय घेराव का ऐलान

**बिर्रा।** करही गोलीकांड को 23 दिन गुजरने के बाद भी आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से दुर है। ऐसे में कांग्रेस ने अब इस मामले को लेकर 20 मई को एसपी कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है। ग्राम करही में बसस्टैण्ड के पास रहने वाले कांग्रेस नेता सम्मेलाल कश्यप अपने परिवार के साथ रहकर छड़ सीमेंट रेत कारोबार करते है। तीन नकाबपोश बदमाशों ने 23-24 अप्रैल की दरम्यानी रात को घर में घुसकर उनके बड़े बेटे आयुष कश्यप 19 वर्ष के सिर और पेट पर अंधाधुंध फायरिंग की। वहीं बीच बचाव करने आए छोटे बेटे आशुतोष कश्यप के बाये कंधा को गोली मार दी। गोली लगने से आयुष की मौत हो गई। पुलिस मामले में अब तक कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। इधर घटना के बाद करही के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय को पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है। यहां पुलिस उपनिरीक्षक के साथ नौ बल तैनात किया गया है। पुलिस सहायता केंद्र करही में एक पुलिस उपनिरीक्षक, दो प्रधान आरक्षक और छह आरक्षक के साथ अलग अलग थाना बिर्रा, नवागढ, शिवरीनारायण के अलावा थाना के पुलिस स्टाफ को तैनात किया गया है। इधर मामला कांग्रेस नेता के परिवार से जुड़ा होने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ता भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 20 मई को एसपी कार्यालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

---

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

पीड़ित परिवार को दी 25 हजार रुपए की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने बाइक जा रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुकदा निवासी लक्ष्मण प्रसाद कश्यप उम्र 65 वर्ष अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी11 सीए 7203 से बिर्रा के भांठापारा में आयोजित पारिवारिक गमी के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा था। रविवार 17 मई की सुबह 10 बजे वह बिर्रा स्थित अंशिका जनरल स्टोर्स के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी04 एमएक्स 7460 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लक्ष्मण प्रसाद कश्यप सीधे ट्रक के नीचे आ गया और उसके सिर पर गंभीर चोट आई। अत्यधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून से लथपथ शव देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल गरमाने गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक टी.आर. जागड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह भेजा। वहीं ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा किया गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार लोगों की जान पर भारी पड़ रही। आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद न तो गति नियंत्रण के इंतजाम किए जा रहे हैं और न ही लापरवाह वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई हो रही है।



घटना स्थल पर पड़ी बाइक व शव।

### हाइवा की टक्कर से गई सायकल सवार युवक की जान

**जांजगीर-चांपा।** रविवार की दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे-49 स्थित ग्राम कनाई चौक (पिसौद) में हुए एक भीषण सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कनाई निवासी जयराम कश्यप के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराम कश्यप पिसौद की ओर जा रहा था तभी कनाई चौक के पास तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीआर 6591 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल जांजगीर भेजा गया। वहीं घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। वाहन और उसके चालक के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। कनाई चौक पहले से ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है, जहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कनाई चौक पर स्पीड ब्रेकर लगाने, ट्रैफिक संकेतक स्थापित करने और नियमित पुलिस निगरानी की मांग की है।

---

### चौथी लाइन जोड़ने और ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम के इंस्टालेशन के चलते प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

**जांजगीर-चांपा।** बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेलवे लाइन परियोजना के तहत चांपा स्टेशन पर नॉन-इंटरकनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग का काम किया जाना है। अधोसंरचना विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य के कारण 7 जून से 19 जून के बीच रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहेगी। इन 13 दिनों में 70 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस ब्लॉक की वजह से बिलासपुर से गुजरने वाली 70 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई गाड़ियां बीच रास्ते में समाप्त होंगी या देरी से चलेंगी। इस दौरान आजाद हिंद एक्सप्रेस, पुणे से 3 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस ढाई घंटे और जनशताब्दी, हसदेव एक्सप्रेस गोंदिया, रायपुर से 2 घंटे की देरी से छूटेगी। इस अवधि में रेलवे ने यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनाकर चलाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा अन्य वैकल्पिक उपाय भी यात्रियों को लिए किए गए हैं। अलग-अलग तारीख को पैसेंजर और मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी। 8 से 19 जून तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 68734/68733 बिलासपुर-गेवरारोड-बिलासपुर मेमू, 8 से 19 जून तक 68732/68731 बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू, 8 से 19 जून तक 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 58210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

# ड्राइवर को धमकाने वाला जल संसाधन विभाग का ईई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ड्राइवर से अभद्र भाषा में फोन पर बात करने वाले जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर निलंबन की गाज गिरी है।कार्यपालन अभियंता ने विभाग के ही वाहन चालक को फोन पर बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी थी। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की थी। ड्राइवर और कार्यपालन अभियंता के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मामले की जांच के बाद छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।

- वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भी की थी अमर्यादित टिप्पणी




जांजगीर चाम्पा जिले में पदस्थ जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह को फोन पर धौंस दिखाते हुए ड्राइवर को धमकाना महंगा पड़ गया। कार्यपालन अभियंता की कुछ दिन पहले विभाग में पदस्थ ड्राइवर शशिकांत साहूसे मोबाईल पर लंबी बात हुई थी। इस दौरान ई ई शशांक सिंह ने गाली गलौज करते हुए ड्राइवर को जमकर धमकाया था। ड्राइवर को बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी गई। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की गई। ड्राइवर के साथ ई ई की हुई बातचीत का ऑडियो 12 मई को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। वायरल ऑडियो पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तत्काल अपर कलेक्टर को जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन राज्य शासन को भेजा। राज्य शासन ने मामले में ई ई शशांक सिंह को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जांजगीर-चांपा से प्राप्त प्रतिवेदन और सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो क्लिप के आधार पर जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह द्वारा अपने अधीनस्थ वाहन चालक शशिकांत साहू से बातचीत में मोबाइल पर अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की बात सामने आई। शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में शशांक सिंह का मुख्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन नया रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** अवैध महुआ शराब के भंडारण एवं बिक्री मामले में कार्यवाही करते हुए 6 लीटर शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है। वही उसके कब्जे 6 सौ रुपए कीमती शराब को जब्त किया गया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम भदरी का है। इस संबंध में फगुरम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 17 मई को पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली की ग्राम भदरी निवासी अमित कुमार तिर्कि पिता दिल्लूराम के द्वारा अपने घर में पीले रंग के प्लास्टिक के अलग अलग जेरिकेन में रखे कुल 6 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरप्तार कर लिया । इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर लिया। वही उसके कब्जे से 6 सौ रूपऐ किमती शराब बरामद कर लिया गया है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक अनवर अली,प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर,अनिल रात्रे,अविनाश देवांगन,सविता भारद्वाज का योगदान रहा।

---

जगह-जगह पर पेट्रोल पंपों के सामने जाकर की नारेबाजी

# पेट्रोलियम पदार्थ की बढ़ती कीमत के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पेट्रोलिम पदार्थ की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस ने जिलेभर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंपों के सामने जाकर नारेबाजी की। देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आसमान छूते दामों के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

जिला मुख्यालय जांजगीर में कांग्रेसियों ने क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप ने विरोध जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रण में पूरी तरह विफल साबित हुई है। एक ओर बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से जनता दोहरी मार झेल रही है। बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस महंगाई के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से गुलजार सिंह,देवेश सिंह, विवेक सिंह सिसोदिया ,रफीक सिद्दीकी, भगवान दास गढ़वाल, रामविलास राठौर, अजीत सिंह राणा, ऋषिकेश उपाध्याय, शिशिर द्विवेदी,लोकेश राठौर, देव कुमार पांडे, बबला महाराज ,अरमान खान एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पेट्रोल पंप के पास विरोध प्रदर्शन किया गया।

### सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

**चांपा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा बढ़ती महंगाई पर विरोध प्रदर्शन किया गया। बढ़ती मंहगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा शाम 4.30 बजे अंडर ब्रिज चौक के पास पेट्रोल पंप के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने भी केन्द्र सरकार पर हमला बोला। कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी व आभार नागेंद गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, हरीश श्रीवास, जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता, सेवक बुटू देवांगन, गुलशन सोनी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, महिला उपाध्यक्ष अनिता प्रकाश, रामबाई स्वर्णकार, पार्षद तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, पवन आर्य, गिरधर देवांगन, पूर्व पार्षद डुग्गु प्रधान, संतोष अनंत, व्यापार प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष राज अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी समद बेग, माणिक मसीह, अंजुम अंसारी, सुमित दास, संजय देवांगन, श्यामलाल देवांगन, अनिल बनकर, राजेन्द्र टेकु देवांगन, इकबाल अंसारी, परदेशी केंवट, गज्जू देवांगन, जीवन बंजारे, कार्तिक महंत, राजू मुर्तुजा, परदेशी केवट जूनियर, अरुण देवांगन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक राघवेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार को घेरा

**अकलतरा।** पेट्रोल, डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी अकलतरा द्वारा सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। खाद्य सामग्री, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया एवं आभार प्रदर्शन मनोज अग्रवाल ने किया। धरना-प्रदर्शन में दिवाकर राणा, खूलन सोनवानी, राजकुमार राठी, भविष्य चंद्राकार, राजेश जैन,प्रतिपाल सिंह, अब्दुल मोईद, इरशाद बाबा, अंकित सिंह सिसोदिया, शांतीलाल यादव, अविनाश साहू, खुशहाल धिरही, राजा जैन, राजू जैन, श्याम खरे, आदित्य सिंह चौहान, नरेश देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# पेट्रोल और डीजल का छाया संकट, भटक रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

खाड़ी देशों के युद्ध के बाद पेट्रोल और डीजल का संकट खड़ा हो गया है। मालखरौदा ब्लाक के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके है। डीजल की किल्लत तो पहले ही थी, अब पेट्रोल भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे है। पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लोग पंप के चक्कर लगा रहे है।

प्रधानमंत्री के पेट्रोल-डीजल के कम खपत करने की अपील के बाद क्षेत्र के लोगों के मन में पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर अफवाह फैल गई है। वहीं जिले के कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों को जरकिन और डिब्बे में पेट्रोल डीजल नहीं देने का आदेश जारी किया है। इधर पंपों में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई भी पहले की अपेक्षा कम हो गई है। हालात ऐसे है कि कई पेट्रोल पंप पूरी तरह से ड्राई हो चुके है। मालखरौदा ब्लाक के सकर्रा स्थित पेट्रोल पंप में शनिवार की सुबह ही पेट्रोल खत्म हो चुका था, जबकि डीजल भी समाप्त होने की कगार पर था। इसी प्रकार शिव गोटिया पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल नहीं होने के कारण संचालक द्वारा सूचना का बोर्ड चस्पा कर दिया गया था। ग्राम पोता के दो पंप में से एक ड्राई हो गया था। वहीं एक अन्य पंप में एक्स्ट्रा प्रीमियम पेटोल दिया जा रहा था। यहां भी नॉर्मल पेट्रोल खत्म हो गया था। इसके अलावा डीजल भी खत्म हो गया था। वही बीरभाठा स्थित पंप में भी एक्स्ट्रा प्रीमियम पैट्रोल दिया जा रहा था जबकि डीजल खत्म होने की बात कही जा रही थी। पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल लेने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि कई पंप में चक्कर लगाना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप



### भाजयुमो मंडल हरदीबाज़ार की बैठक संपन्न

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल हरदीबाज़ार द्वारा आगामी कार्यक्रम की तैयारी हेतु ग्राम रेंकी में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने की। बैठक में उपस्थित रहे,महामंत्री शिव नरायण यादव,केशु कश्यप, उपाध्यक्ष मुकेश ओगरे, रोबिन पटेल,मंत्री कमल किशोर, गुलशन टेकाम, भास्कर साहू, अमीर सिंह कोराम, प्रकाश सूर्यवंशी, रोशन कुमार, अमित पटेल, प्रेम सागर, रामगोपाल एवं अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगारोन्मुख अवसर

**कोरबा।** जिले के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक सुनहरा अवसर लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप के माध्यम से कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

### लमना, नगोई एवं डोंगरी में शिविर का आयोजन 19 को

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के डोंगरी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे।

### अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध

**कोरबा।** जिले में केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किया जा सकेगा। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार चिप्स द्वारा इस प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सुविधा लाइव कर दी गई है। यह प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) एवं तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्रों में उसी प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होगा, जिस प्रकार जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किए जाते हैं। आवेदन हेतु 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र, प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूप में देना होगा।

### मंच पर बुलाने के बाद भी नहीं पहुंचे रोजगार सहायक

**कोरबा।** जिले की ग्राम पंचायत केराकछार में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। शिविर में कुल 647 आवेदन प्राप्त होने की जानकारी सामने आई है।शिविर के दौरान ग्राम पंचायत कोरकोमा से एक ग्रामीण मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंचा था। शिकायत की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने संबंधित रोजगार सहायक को मंच के पास बुलाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि रोजगार सहायक ने अधिकारियों की बात को अनसुना करते हुए मंच तक पहुंचना उचित नहीं समझा। इस घटना के बाद शिविर में मौजूद लोगों के बीच नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि वनांचल क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है और जिम्मेदार कर्मचारियों पर प्रशासनिक दबाव भी नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच केराकछार में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी और लापरवाही के मामले भी सुशासन तिहार शिविर में सामने आए। जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने रोजगार सहायक अमृत राठिया को मंच पर बुलाकर फटकार लगाई और लंबित आवासों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### गोपालपुर इंडस्ट्रियल एरिया में नहीं लग सकी फूड प्रोसेसिंग यूनिट

**कोरबा।** फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए जिलेमें तैयार हो रहे नए इंडस्ट्रियल एरिया में 12 एकड़ जमीन आरक्षित रखी गई है। कुल 80 एकड़ जमीन में नया इंडस्ट्रियल एरिया तैयार किया जाएगा। फिलहाल 38 एकड़ जमीन चिन्हांकित कर ली गई है। खरमोरा इंडस्ट्रियल एरिया के स्थापित होने के 30 साल बाद नया इंडस्ट्रियल एरिया दर्री-छुरी मार्ग के गोपालपुर क्षेत्र में तैयार हो रहा है। इसके लिए 80 एकड़ जमीन राजस्व विभाग से मांगी गई है। 38 एकड़ जमीन लगभग तय कर ली गई है।

# ग्रामीण क्षेत्र के 12 स्थानों में बनाए जाएंगे स्टापडेम, बढ़ेगा सिंचाई का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में प्रदेश सरकार की लघु सिंचाई योजना के तहत स्थानीय स्तर पर काम शुरू हो गया है। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए ग्रामीण अंचल के 12 ऐसे स्थान हैं जिनका चयन स्टापडेम बनाने के लिए किया गया है। ये वो क्षेत्र हैं जहां सिंचाई के अब तक कोई भी कारगर साधन नहीं तैयार किए गए थे।

जिले में सिंचाई का रकबा 13 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इस वर्ष 1 लाख 33 हजार हेक्टेयर खरीफ फसल का लक्ष्य रखा गया है। बीते वर्ष यह लगभग 92 हेक्टेयर तक ही रखा गया था। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से उन क्षेत्रों का सर्वे किया गया जहां फसलों की पैदावार की संभावना ज्यादा है। लेकिन सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीण मानसून के भरोसे ही खरीफ की फसल लिया करते हैं। रबी की फसल की संभावना तो दूर की बात। यही कारण है कि जिले में पिछले कुछ वर्षों से प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन सह प्रशिक्षण जैसे कार्य बंद पड़े हुए हैं। कृषि विभाग का मैदानी अमला भले ही योजनाओं पर अमलीजामा पहनाने की बात करता है लेकिन ग्रामीण कई योजनाओं से अभी भी दूर हैं। जिन 12 स्थानों में स्टापडेम बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है, उसमें पोड़ी उपरोड़ा व पाली विकास खंड की संख्या ज्यादा है। इन दोनों विकासखंड में खेती का रकबा अन्य विकासखंडों की तुलना में कम है।

### लघु सिंचाई योजना पर शुरू होगा काम



#### बांगो से नहीं मिलता पानी

सिंचाई के लिए पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के ग्रामीणों को बांगो बांध से पानी नहीं मिलता। क्षेत्र में बहने वाले तान नदी, बम्हनी नाला एवं हसदेव नदी से मिलने वाले अन्य सहायक पहाड़ी नालों में स्टाम डेम बनाए जाएंगे। बांगो का पानी केन्द्र सरकार की मल्टी विलेज योजना के तहत आसपास के 225 गांवों में पेयजल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए सिंचाई के लिए स्टापडेम के पानी का उपयोग करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत की जाएगी।

## कोल इंडिया में आईआर कोड 2020 लागू करने की तैयारी

# कोल इंडिया में खत्म होगी यूनियनों की दावा राजनीति, अब सीक्रेट बैलेट से मिलेगी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में ट्रेड यूनियनों की राजनीति अब कर्मचारियों के वोट से तय होगी। आइआर कोड 2020 लागू होने की तैयारी के बीच सीक्रेट बैलेट व्यवस्था से यूनियनों की मान्यता मिलेगी। इससे दावा राजनीति खत्म होगी और महिला प्रतिनिधित्व समेत लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत होने की उम्मीद है।

**खास बात**
- महिला प्रतिनिधि समेत लोकतांत्रिक ढांचा होगा मजबूत

कोल इंडिया में ट्रेड यूनियनों की मान्यता और प्रतिनिधित्व का पूरा ढांचा बदलने जा रहा है। 8 मई को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के केंद्रीय नियमों की आधिकारिक अधिसूचना के बाद कंपनी और यूनियन हलकों में हलचल तेज हो गई है। कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी ने आइआर कोड लागू करने की ठोस सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यदि सिफारिशें लागू होती हैं, तो वर्षों से चली आ रही हम सबसे बड़ी यूनियन वाली दावा राजनीति पर विराम लग जाएगा और यूनियनों की ताकत सीधे कर्मचारियों के वोट से तय होगी। मान्यता के नए फॉर्मूले के तहत चेक-ऑफ नहीं, अब वोट से ताकत, 51 प्रतिशत या अधिक वोट पाने वाली यूनियन बनेगी एकमात्र वार्ताकार यूनियन, 51 प्रतिशत नहीं होने पर 20 प्रतिशत वोट पाने वाली यूनियनों की वार्ताकार परिषद बनेगी, 20 प्रतिशत से कम वोट पाने वाली यूनियनों की पांच वर्षों तक मान्यता नहीं, केवल कट-ऑफ डेट तक मतदाता सूची में दर्ज कर्मचारी ही वोट करेंगे, पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त सत्यापन अधिकारी की निगरानी में होगी, चुनाव से मिली मान्यता पांच वर्षों तक वैध रहेगी, कोल इंडिया स्तर पर प्रतिनिधित्व की नई शर्त, कंपनी स्तर के मंचों पर प्रतिनिधित्व के लिए किसी यूनियन को कम-से-कम पांच अनुषंगी कंपनियों में 20 प्रतिशत वोट हासिल करना अनिवार्य होगा. तभी उन्हें वार्ताकारी परिषद में जगह मिलेगी। इसी प्रकार चार-स्तरीय वार्ता प्रणाली लागू की जाएगी। जिसके तहत कोल इंडिया मुख्यालय स्तर पर वेतन समझौता, कैडर-ग्रेड, स्टैंडिंग ऑर्डर, ट्रांसफर पॉलिसी, सब्सिडियरी स्तर पर कंपनी-विशिष्ट मुद्दे, एरिया स्तर पर क्षेत्रीय/संचालन संबंधी समस्याएं, प्रोजेक्ट/यूनिट स्तर पर स्थानीय कार्यस्थल के मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा, वर्क्स कमेटी और शिकायत निवारण कमेटी का गठन अनिवार्य होगा, जिनमें महिलाओं को अनुपातिक प्रतिनिधित्व देना होगा। इन समितियों में सदस्य केवल मान्यता प्राप्त वार्ताकार यूनियन/परिषद से नामित होंगे।



फाइल फोटो

#### 90 दिनों का चुनाव कैलेंडर ड्राफ्ट होगा तैयार

तैयार किया जाएगा जिसके तहत पहले दिन कट-ऑफ डेट, मतदाता निर्धारण, दिन 0 से 3 दिनों के भतीर यूनियनों के आवेदन, 3 से 14 दिनों के भतीर दस्तावेजों की स्क्रूटनी, 15 से 18 दिनों के भतीर प्री-बैलेट मीटिंग, चुनाव चिह्न आवंटन, 20 वें दिन मतदाता सूची प्रकाशन, 71 से 75 दिनों के भतीर सीक्रेट बैलेट वोटिंग, 76 से 80 दिनों के भतीर मतगणना, परिणाम एवं 82 से 89 दिनों के भीतर प्रोजेक्ट, एरिया, सब्सिडियरी, सीआइएल स्तर पर मान्यता आदेश

#### नियम लागू होने की टाइमलाइन

21 नवंबर 2025 से आइआर कोड प्रभावी है। केंद्रीय नियमों का मसौदा 30 दिसंबर 2025 को जारी हुआ. सलाह और सुझाव 28 फरवरी तक लिए गए। 1 अप्रैल से यह लागू होना प्रस्तावित था, लेकिन पांच राज्यों के चुनाव के कारण इसमें देरी हुई। 8 मई को अधिसूचना जारी होने के बाद अब निगाहें इस पर हैं कि कोल इंडिया में इसे कब से लागू किया जा रहा है। प्रबंधन और यूनियनों के बीच जल्द रणनीतिक बैठक की बात कही जा रही है। 1 मार्च के आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया में 19,135 महिला कर्मी काम करती हैं। अब तक यूनियनों में उनका प्रतिनिधित्व औपचारिक समितियों तक सीमित रहा है, पर आइआर कोड के तहत वर्क्स कमेटी और शिकायत निवारण समिति में अनुपातिक भागीदारी अनिवार्य होगी।

# कांग्रेस की जांच समिति पहुंची वेदांता पावर प्लांट


प्लांट में निरीक्षण करती कांग्रेस जांच समिति के सदस्।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे में 25 मजदूरों की मौत के मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गठित समिति शुक्रवार को प्लांट पहुंची। समिति ने प्लांट प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से घटनाक्रम की जानकारी ली व हादसे से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जवाब मांगा।

**खास बात**
- पूर्व मंत्री जयसिंह ने कहा दोषियों पर हो कार्रवाई

कांग्रेस समिति ने हादसे से जुड़े कुछ निर्धारित बिंदुओं पर लिखित जानकारी मांगी है। प्रबंधन ने इसके लिए तीन दिन का समय मांगा है। बैठक के बाद पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि हादसे की तीन स्तर पर जांच चल रही है। जिला स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में जांच हो रही है। राज्य स्तर पर कमिश्नर की अगुवाई में जांच जारी है, जबकि केंद्र सरकार के निर्देश पर केंद्रीय तकनीकी टीम भी मामले की जांच कर रही है। कांग्रेस की जांच समिति भी पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है ताकि हादसे की वास्तविक वजह सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या ठेका कंपनी की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में जांच पूरी होने के बाद ही गिरफ्तारी का प्रावधान होता है। संभवतः इसी वजह से अब तक पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की है। इसके बाद समिति ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी चर्चा की। जांच समिति का नेतृत्व पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल, पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, विधायक रामकुमार यादव, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, राघवेंद्र सिंह, शेषराज हरवंश, फूलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि गबेल, राजेश अग्रवाल और मुकेश राठौर मौजूद रहे।

# झोराघाट में डूबने से युवक की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पिकनिक स्पॉट झोराघाट में शनिवार को एक परिवार के साथ पिकनिक मनाने गया हुआ था। इस दौरान एक युवक की नदी के गहरे पानी में नहाने गया और डूब गया। कटघोरा मेन रोड निवासी अलाउद्दीन पिता ताजुद्दीन शनिवार को अपने परिवार के साथ झोराघाट घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इसी दौरान वह नदी में नहाने उतरा। बताया जा रहा है कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह पानी की गहराई में समा चुका था। काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में अलाउद्दीन को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर उपचार और आपातकालीन सुविधा उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामला को शांत कराया। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अपनाया जा रहा जीरो टॉलरेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने खदान में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जीरो टॉलरेंस अपनाया है जिसके तहत दो पहिया वाहनों को खदान परिक्षेत्र में विगत आठ माह पहले से पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। वही कामगारों को सुरक्षित उनके कार्यस्थल तक पहुचने के लिए अतिरिक्त शिफ्ट बस और चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया गया है।

ऐसे ऐतिहासिक फैसला लेने के कारण जहां एक ओर बाहरी स्थानीय लोगों का आवाजाही खदान क्षेत्र में बंद हो गया हैं वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों के ड्यूटी जाने में घट रही दुर्घटनाओं पर भी संपूर्ण रूप से अंकुश लग गई है। देखने वाली बात यह है कि कामगारों के लिए ऐसे हितकारी फैसले को चार श्रमिक संगठनों ने अपना समर्थन देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया है वहीं एक श्रमिक संगठन लगातार इस फैसले का विरोध करते हुए प्रबंधन पर दो पहिया वाहनों को प्रवेश देने का दबाव बनाता नजर आ रहा है। ऐसे मजदूर विरोधी आग्रह से यह साबित हो रहा है कि कथित संगठन गलत रुख अपनाने का प्रयास कर रहा है साथ ही मजदूरों के जिंदगी से खिलवाड़ करते दिख रहा है। अब देखना यह है कि क्या प्रबंधन क्या फैसला लेती है।


दुर्घटना रोकने लगाया गया बेरियर।

# पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 573 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। परीक्षार्थियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा। वहीं पुलिसकर्मी ढाई घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से पहुंचेगे ताकि मेटल डिटेक्टर एवं फ्रिस्किंग जांच सुचारू रूप से की जा सके।

# चलती गाड़ी में लगी आग, बाल बाल बचे कार सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर शनिवार को सुबह एक चार पहिया वाहन में अचानक आग लग गई। इससे पहले कुछ समझ आता आग बढ़ता गया आनन फानन में कार में सवार तीन लोगों ने किसी तरह कार का दरवाजा खोलकर अपनी जान बचाई। आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसईबी कोरबा वेस्ट की दमकल पहुंची और आगजनी पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी।

**खास बात**
- दमकल की टीम पहुंचने से पहले कार जलकर खाक

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा मुख्य मार्ग पर जैलगांव क्षेत्र में यह घटना हुई। डेंटल सर्जन डॉ. विवेक रंजन महतो अपने दो साथियों सहित एसयूवी-700 से कटघोरा की तरफ जा रहे थे। जैलगांव क्रॉस होने से पहले ही अचानक उनकी गाड़ी में आग लग गई। इसका पता चलने पर डॉ और उनके दो अन्य साथी फौरन बाहर निकल गए। उन्होंने देखा कि इसके साथ वाहन को आग की लपटों ने बुरी तरह से घेर लिया। आनन-फानन में आपदा प्रबंधन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। कुछ देर के बाद सीएसईबी की बिजली परियोजना से दमकल यहां पहुंची। कर्मियों ने आवश्यक संसाधन के साथ अग्नि पर नियंत्रण का प्रयास किया। इस समय तक वाहन जलकर स्वाहा हो गया था। इस घटना ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर आवागमन के लिए कौन सा विकल्प उपयुक्त हो सकता है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के जानकार कहते हैं कि इस तरह की घटनाएं गर्मी के मौसम में ज्यादा होती है। कई बार भीतर की वायरिंग के शॉर्ट होने के कारण ऐसा होता है। कुछ मामलों में मैन्युफेक्चरिंग इफेक्ट से भी आग लग जाती है। दूसरे और क्या कारण हो सकते हैं, यह जांच का विषय है।



**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
ग्राम-चांपा
दिनांक 05.05.2026
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ननकीराम यादव पिता स्व. सुधाराम यादव जाति रावत साकिन महुदा तहसील चांपा जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता सुधाराम के मृत्यु दिनांक 01/10/1974 स्थान पर चांपा में होने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी मय पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/05/26 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक-05/05/26
दिनांक-20/05/26
**कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**चांपा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / 265 / तह. / वा./26
शि.ना., दिनांक 05.05.2026
प्र.क्र. 202603062700009/
स-132/2026
ग्राम-तुसमा प.ह.नं. 07

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक केशव साहू पिता मनहरण लाल साहू जाति तेली निवासी तुसमा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके माता जगोति साहू, पति मनहरण लाल साहू का मृत्यु दिनांक 27.05 2021 को ग्राम तुसमा में हुआ पर भूलवश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यू पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20.05.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**








# पीटर विल्सन की फिल्म 'ऑब्सेस' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड में 'अंधाधुन' और 'फोबिया' जैसी पहले भी कई मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्में आई हैं। अब एक नई फिल्म 'ऑब्सेस' रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें मुख्य किरदार पीटर विल्सन ने निभाया है। उनके साथ 'बिग बॉस 18' वाली ईशा सिंह भी मुख्य किरदार में हैं। 15 मई को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो खून-खराबा और भरपूर थ्रिल से भरपूर है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी पीटर ने संभाली है। ट्रेलर 1 मिनट 41 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत ईशा के आत्मविश्वासी और बेफिक्र किरदार से होती है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उनका सामना पीटर द्वारा निभाए गए क्रोधित और गहरे मनोवैज्ञानिक आघात से जूझ रहे एक परेशान व्यक्ति से होता है। देखते ही देखते दोनों की अप्रत्याशित मुलाकात सबकुछ बदलकर रख देती है।

## लाइफ Style

# माधुरी

## इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में धक-धक गर्ल के नाम से मशहूर माधुरी दीक्षित 59 साल की हो गई हैं। 40 साल से ज्यादा समय भारतीय सिनेमा में गुजार चुकीं अभिनेत्री आज भी अपनी एक मुस्कुराहट से लोगों का दिल धड़का देती हैं। यही कारण है कि उनकी एक झलक के लिए फैंस हमेशा उतावले रहते हैं।

माधुरी ने अपने करियर की शुरुआत 1984 में फिल्म 'अबोध' से की थी और अब तक कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। साल 1988 में आई फिल्म 'तेज़ाब' माधुरी के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इसमें मौजूद गाना 'एक दो तीन' न सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना, बल्कि अभिनेत्री रातों-रात मशहूर हो गईं। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म में अनिल कपूर भी हैं। आमिर खान के साथ आई फिल्म 'दिल' ने माधुरी को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया। यह पुरस्कार उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए मिला था। यह भी प्राइम वीडियो पर मौजूद है। संजय दत्त के साथ 1993 में आई फिल्म 'खलनायक' सुपरहिट रही।

पुलिस अधिकारी 'गंगा' के किरदार में माधुरी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें मौजूद उनके सभी गाने बेहद लोकप्रिय हुए। यह फिल्म भी प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। वहीं 1994 में आई 'हम आपके हैं कौन' अभिनेत्री की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। सलमान खान के साथ उनकी जोड़ी, गाने और फिल्म का हर दृश्य लोगों के दिल के करीब है। यह जी5 पर मौजूद है। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म 'साजन' में माधुरी और दत्त की जोड़ी दोबारा देखने को मिली।



## हॉलीवुड मसाला



# फीफा वर्ल्ड कप में दिखेंगे एक मंच पर

**लॉस एंजिल्स।** फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अब सबसे बड़ा मनोरंजन धमाका होने जा रहा है। फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल मैच को लेकर संगीत जगत से एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरी दुनिया के फैंस को रोमांचित कर दिया है। इतिहास में पहली बार फुटबॉल के इस महाकुंभ में 'सुपर बाउल' की तर्ज पर एक भव्य हाफटाइम शो आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मैडोना, शकीरा और बीटीएस 2026 मेटलाइफ स्टेडियम के मंच पर एक साथ धमाल मचाएंगे।



# कान्स फेस्टिवल में छलके विन डीजल के आंसू...

**लॉस एंजिल्स।** 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने हॉलीवुड फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' की टीम भी पहुंची। इस मौके पर विन डीजल, मिशेल रोड्रिग्ज, जॉर्डन ब्रूवर्स्टर, नील एच मोरिट्ज और मीडो वॉकर ने रेड कार्पेट पर शिरकत की और अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींच लिया। हालांकि, एक पल ऐसा आया, जब डीजल भावुक होते हुए अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे देखकर फैंस भी भावुक हो रहे हैं। दरअसल, 'फास्ट एंड फ्यूरियस' की 25वीं सालगिरह पर डीजल अपने दिवंगत सह-कलाकार पॉल वॉकर को याद करके भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में वॉकर का महत्व फिल्म में लिखी गई स्क्रिप्ट से ज्यादा बढ़ गया है।




# अन्याय का पर्दाफाश करने आईं सोनाक्षी...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह एक कोर्टरूम थ्रिलर है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है, जिन्हें 'पंगा' और 'बरेली की बर्फी' के लिए जाना जाता है। वहीं निर्माण की कमान पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और स्मिता बलिगा ने मिलकर उठाई है। फिल्म हाई-प्रोफाइल और आत्मविश्वासी वकील और विशेषाधिकार की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में, सोनाक्षी ने 'नेहा राजवंश' नाम की वकील का किरदार निभाया है। उनके पिता के किरदार में निर्देशक आशुतोष गोवारिकर हैं। वहीं ज्योतिका 'सारिका रावत' के किरदार में हैं, जो कोर्ट स्टेनोग्राफर है। कहानी 2 ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है।



# अजय से ज्यादा फीस ले रहे अक्षय...

**मुंबई।** अजय देवगन की कॉमेडी फ्रैंचाइजी फिल्म 'गोलमाल' की 5वीं किस्त काफी चर्चा बटोर रही है। फैंस का उत्साह इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि फिल्म में अक्षय कुमार भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो चुके हैं। फिलहाल इस वक्त फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। इस बीच 'गोलमाल 5' से जुड़ा एक अपडेट आया है कि अक्षय करीब 18 से 22 दिनों के शूट के लिए मोटी फीस वसूल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है। एक बातचीत में, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने अक्षय की फीस के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने कहा, अक्षय 18-22 दिनों तक शूटिंग कर रहे हैं और उन्हें लगभग 35-40 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है, क्योंकि उन्हें लाभ-साझाकरण के आधार पर भुगतान किया जा रहा है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में हिला अनुपमा का सिंहासन, नंबर-1 पर वसुधा का कब्जा

**मुंबई।** टीवी की दुनिया में इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। जहां लंबे समय से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' अपनी जगह से खिसकर नीचे आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ एक नए शो ने जबरदस्त ट्विस्ट और दमदार कहानी से नंबर-1 पर अपनी जगह बना ली है।

**नंबर 1 पर है, 'वसुधा'**: जी टीवी पर आने वाले इस शो वसुधा ने लोगों का दिल जीत लिया है। ये शो इस सप्ताह पहले नंबर पर है। गांव की लड़की और अमीर बिजनेसमैन की प्रेम कहानी पर आधारित ये शो लोगों के दिलों पर राज कर दिया है। शो को 2.0 रेटिंग मिली है।

**दूसरे नंबर पर है, 'गंगा माई की बेटियां'** : सरगुन मेहता के प्रोडक्शन में बना ये शो गंगा माई की बेटियां दूसरे नंबर पर काबिज है। शो को इस हफ्ते 1.7 रेटिंग मिली है। ये शो भी लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।

**तीसरे नंबर पर क्योंकि सास भी कभी बहु थी** : एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस बार अपनी जगह से हट चुका है। स्मृति ईरानी के इस शो की रैंकिंग में इस बार गिरावट देखी जा रही है। शो पहले नंबर से हटकर सीधा तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. रेटिंग 1.7 है।

**चौथे नंबर पर तुम से तुम तक** : पॉपुलर शो तुम से तुम तक इस बार चौथे नंबर पर है। इस शो ने अनुपमा जैसे बड़े शो को पछाड़कर ऊपर जगह बना ली है। शो की रेटिंग 1.6 है।

**अनुपमा को लगा झटका 5वें नंबर पर पहुंचा** : टीवी के चहीते शो अनुपमा को तो इस बार बड़ा झटका लगा है। रुपाली गांगुली का ये पॉपुलर शो जो हमेशा नंबर 1 पर बना रहता है। इस बार ये शो पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। कभी ये शो लोगों को दिलों पर राज करता था। आज शो की रेटिंग 1.5 है।

### 'लाफ्टर शेफ 3 सहित अन्य शो की रेटिंग

लॉफ्टर शेफ 3 ने इस बार लंबी छलांग लगाई है। कॉमेडी और कुकिंग के मिक्सचर वाले इस शो ने फिर से दिलों पर राज करना शुरू कर दिया है। भारती सिंह और शेफ हरपाल सिंह का शो इस बार छठे स्थान पर है। वहीं नागिन 7 अब बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस हफ्ते शो सातवें स्थान पर है। ये रिश्ता क्या कहलाता है आठवें नंबर पर काबिज है। शो को इस बार 1.4 रेटिंग मिली है। वहीं दूसरी ओर टीवी का पॉपुलर शो उड़ने की आशा इस बार नौवां नंबर पर पहुंच गया है। शो की रेटिंग 1.4 है। शो आज अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। वहीं एकता कपूर का शो स्पिन-ऑफ शो क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं, इस बार टीआरपी लिस्ट में शामिल हो चुका है। 1.4 रेटिंग के साथ यह शो दसवें नंबर पर है।

# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में गौरव खन्ना को किस बात का डर?



**मुंबई।** टीवी के जाने-माने अभिनेता गौरव खन्ना आज रियलिटी शोज का बड़ा नाम बन चुके हैं। पहले उन्होंने फराह खान के शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ्स' के पहले सीजन का खिताब जीता। फिर सलमान खान के सबसे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का विजेता बने। अब गौरव का अगला कदम स्टंट आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' है, जिसमें आने के लिए वह तैयार हैं। हालांकि, शो में आने से पहले उन्होंने अपनी सबसे बड़ी चिंता पर बात की।

### 'खतरों के खिलाड़ी' को लेकर जाहिर की उत्सुकता

एक बातचीत में, गौरव ने रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की, लेकिन अपनी सबसे बड़ी चिंता का खुलासा भी किया। उन्होंने कहा कि शो में जाने से पहले उनकी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक उनका 'कलर ब्लाइंड' होना है। वह अन्य शारीरिक चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं। गौरव को डर है कि इसका असर शो के दौरान उनके कुछ स्टंट टास्क पर पड़ सकता है।

### खुद को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं गौरव

अभिनेता ने कहा कि जिंदगीभर इस समस्या के साथ जीने और इसे संभालने का अनुभव होने के कारण, वह इस चुनौती का सामना करने और यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि वह खुद को कितना आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह अन्य प्रतियोगी की बजाए खुद को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी मानते हैं। टबता दें, शो की तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन इसमें रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी और अविका गौर समेत कई सितारे नजर आएंगे।

# मां बनने के बाद भी बरकरार इन अभिनेत्रियों का स्टारडम, टूटा बॉलीवुड का सालों पुराना 'मिथक'

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक दौर था, जब माना जाता था कि अभिनेत्री का करियर मां बनने के बाद ढलान पर आ जाता है, लेकिन आज की पीढ़ी ने इस धारणा को बदल दिया है। समकालीन भारतीय सिनेमा में मातृत्व अब करियर का 'फुल स्टॉप' नहीं, बल्कि सशक्त पारी की शुरुआत बन गया है। मातृत्व दिवस पर हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने मां बनने के बाद अपने करियर को नई दिशा दी और सफलता की मिसाल पेश की।



### दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा

दीपिका पादुकोण के लिए मां बनना करियर में रुकावट नहीं। 'जवान' और 'पठान' जैसी फिल्मों के साथ वो अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स और अपने प्रोडक्शन हाउस को संभाल रही हैं। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री में मांओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट की वकालत भी कर रही हैं। उधर प्रियंका चोपड़ा ने दिखाया है कि वैश्विक करियर और मातृत्व साथ चल सकते हैं। हॉलीवुड फिल्में, बिजनेस और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के बीच प्रियंका बेटी की परवरिश के साथ हर मोर्चे पर सक्रिय हैं।

### करीना कपूर और आलिया भट्ट

करीना कपूर ने साबित किया कि मां बनने के बाद ब्रेक लेना जरूरी नहीं। 'गुड न्यूज' और 'जाने जां' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक पर अपनी धाक जमाए रखी। आलिया भट्ट आज की पीढ़ी की उन मांओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एक साथ कई मोर्चे संभाल रही हैं। मां बनने के बाद भी वो बड़े बजट की फिल्मों के साथ अपने प्रोडक्शन हाउस 'एटरनल सनशाइन' और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स को बखूबी संभाल रही हैं।

### नेहा धूपिया और जेनेलिया डिसूजा

नेहा धूपिया ने दूसरी प्रेग्नेंसी में फिल्म 'ए थर्सडे' की शूटिंग कर दिखाया कि मातृत्व करियर की बाधा नहीं है। वो कामकाजी मांओं के अधिकारों के लिए भी खुलकर आवाज उठाती हैं। दूसरी ओर जेनेलिया डिसूजा ने खुद की प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'वेड' से पर्दे पर सफल वापसी की और अब उनकी 'राजा शिवाजी' धूम मचा रही है। फिल्मों के साथ-साथ जेनेलिया 'इमेजिन मीट्स' ब्रांड के जरिए एक सफल उद्यमी के रूप में भी अपनी पहचान बना रही हैं।

### रानी मुखर्जी और ऐश्वर्या राय

रानी मुखर्जी के लिए मातृत्व करियर का मजबूत पड़ाव साबित हुआ। उन्होंने 'हिचकी', 'मर्दानी' फ्रैंचाइजी और 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' जैसी फिल्मों से साबित किया कि मां बनने के बाद भी अभिनेत्री अपने दम पर फिल्में हिट करा सकती है। उधर ऐश्वर्या राय ने 'सरबजीत' से लेकर 'पोन्नियिन सेलवन' तक मां बनने के बाद भी दमदार किरदार निभाए। कान्स फिल्म फेस्टिवल जैसे तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनकी मजबूत मौजूदगी दिखाती है कि मातृत्व ने उनके स्टारडम को और निखारा है।


## नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर हो गया क्रैश

# 'धुरंधर 2' का पाक में 'आतंक', 12 बजते ही टूट पड़ी जनता; मिनटों में नेटफ्लिक्स क्रैश

*मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने रिलीज होते ही सरहद पार तहलका मचा दिया है। पाकिस्तान में फिल्म को लेकर दीवानगी का आलम ये रहा कि नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर क्रैश हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर वहां विवाद और बहस तो छिड़ी है, लेकिन दीवानगी ऐसी है कि लोग इसे देखने के लिए टूट पड़े हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी रिव्यूअर का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।*

### पाक में भारी भीड़ के कारण सर्वर हुआ ठप

'धुरंधर 2' पाकिस्तान में पहले ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। पाकिस्तान में इसे लेकर दीवानगी का आलम यह था कि भारी ट्रैफिक के कारण रिलीज के कुछ ही मिनटों के भीतर नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। हालांकि, सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी नागरिक इस फिल्म की आलोचना भी कर रहे हैं और इसे 'प्रोपेगेंडा' करार दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद फिल्म को देखने के लिए वहां जबरदस्त होड़ मची हुई है।



### कैसे 'धुरंधर 2' ने डाउन किया नेटफ्लिक्स

पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी ने एक वीडियो साझा कर दावा किया है कि पाकिस्तान में 'धुरंधर 2' के प्रीमियर होते ही नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। वीडियो में उन्हें ये कहते सुना गया, पाकिस्तान में आज ही 'धुरंधर 2 रिलीज हुई और सर्वर क्रैश हो गया। पाकिस्तानी इंतजार ही कर रहे थे कि कब रात के 12 बजें, नेटफ्लिक्स फिल्म डाले और सब एक साथ मिलकर क्लिक करें। इस तरह 'धुरंधर' का शौक देखा गया है इधर।

### सच हो या झूठ, हमें बस देखना है

माविया ने वीडियो में आगे कहा, अब सच या झूठ कुछ भी दिखाया गया हो, वो अलग बात है, लेकिन पाकिस्तानी ये देखना चाहते हैं कि फिल्म बनी कैसी है। रणवीर सिंह का किरदार कैसा है, यह तो सबको पता है। लयारी में सच में ऐसा हुआ था या नहीं, वह बाद की बात है। उनका इशारा फिल्म की कहानी और उसके ऐतिहासिक तथ्यों की ओर था, जिसे लेकर पाकिस्तान में काफी बहस छिड़ी हुई है।'

# पेड्डी' से दिव्येंदु की आई पहली झलक खलनायक बनकर मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही है। 'गेम चेंजर' (2025) के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद लोग उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा एक और बॉलीवुड अभिनेता हैं, जो 'पेड्डी' में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह वेब सीरीज 'मिर्जापुर' वाले दिव्येंदु हैं, जिनकी फिल्म से पहली झलक आ गई है। पोस्टर में दिव्येंदु को 'रामबुज्जी' के किरदार में पेश किया गया है। फिल्म में उन्हें ग्रामीण आंध्र प्रदेश की क्रिकेट से भरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने वाले एक निर्मम खलनायक के रूप में देखा जाएगा। पोस्टर में उनका जोशीला और तीव्र लुक देखने को मिला है, जो कहानी में एक रोमांचक, प्रतिद्वंदी और गंभीर टकराव होने का संकेत देता है। फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा, जबकि ये 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**खबर संक्षेप**

## हज यात्रा जा रहे यात्रियों को पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया सम्मान



**चांपा।** नगर के मुस्लिम समाज से अब्दुल अजीज अशरफी,मो.सरफराज मेमन,मो.जुबेर मेमन,मो.अमीन मेमन परिवार सहित हज यात्रा को रवाना हुए। उसी तारतम्य में मस्जिद मोहल्ले स्थित मस्जिद में इनकी सुखद, मंगलमय यात्रा हेतु भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा, झुग्गी झोपड़ी के बैनर तले भाजपा नगर मंडल चांपा में सम्मान कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें मुस्लिम समाज के वरिष्ठ हाजी रफीक मेमन, हाजी खैरात रिजवी, हाजी सैफुद्दीन, भाजपा नेता सलीम मेमन, मो.अख्तर सौदागर, शाहिद कादरी, समसुद्दीन अंसारी, सऊदीन अंसारी, समीर मेमन की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि आज देश का युवा अपने समाज,संस्कृति और धार्मिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा ले रहा है जो कि पूरे विश्व में एक मिसाल है। जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष जब्बल ने बताया कि हज की यात्रा पवित्र और पाक होती है,इस हज यात्रा में चांपा के युवाओं का जाना चांपा नगर के लिए भी एक सम्मान है, हज यात्रा में शांति का पैगाम और देश के अमन,सुख शांति का भी संदेश होता है,भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत ने बताया कि आज भारत देश का युवा अपने धार्मिक जड़ों से जुड़ रहा है,चांपा नगर में यह प्रसन्नता का विषय है तो आभार प्रदर्शन गिरीश मोदी ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भाजपा मंडल चांपा के महामंत्री रामवल्लभ सोनी,गोपीचंद बरेठ,नरेंद्र ताम्रकार,मंगल चंद देवांगन,सुभाष शर्मा,मुकेश जायसवाल,रामू खूबवानी, दुर्गा पटेल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भी ससम्मान करते हुए हज यात्रियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर यात्रा की मंगल कामना करते हुए उनकी रवानगी की गई।

## 30 जून तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कराने में संगठन करेगा सतत प्रयास

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा प्रदेश के सभी पांचों संभाग एवं 33 जिलों में शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु लगातार सतत प्रयास किया जा रहा था। संगठन द्वारा समय-समय पर शासन, प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर, बैठकों के माध्यम से तथा जिला एवं संभाग स्तर पर संवाद स्थापित कर कई संभागों में छोटे-बड़े आंदोलन कर पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की जाती रही है। वर्तमान में जो शिक्षा में शिक्षा के स्तर में जो गिरावट आई है इसका प्रमुख कारण पर्याप्त शिक्षकों की कमी और शिक्षकों की गैर शिक्षक की कार्य के कारण, गुणवत्ता कम हुई है जो की पदोन्नति होने से, शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगा, आज लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में समस्त संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षक संवर्ग एवं लिपिक वर्ग के रिक्त, स्वीकृत तथा कार्यरत पदों की जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने एवं 30 जून 2026 तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण पहल का छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन स्वागत करता है एवं प्रदेश सरकार तथा स्कूल शिक्षा विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करता है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने कहा कि लंबे समय से प्रदेश के शिक्षक पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे थे। संगठन ने सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं रायपुर संभाग सहित सभी जिलों में निरंतर अधिकारियों से मुलाकात कर पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ कराने हेतु दबाव बनाया। कई जिलों में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठता सूची, रिक्त पदों की जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों से लगातार समन्वय किया गया। फेडरेशन ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल आदेश जारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिला एवं संभागीय स्तर पर लंबित प्रक्रियाओं को तेजी से पूर्ण करना आवश्यक है। विशेष रूप से वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन, रिक्त पदों का सत्यापन, आरक्षण रोस्टर पालन एवं पदोन्नति समितियों की कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण होनी चाहिए।

**निधन**

### आलेख सिंह बैस



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सदस्य हेमंत सिंह बैस के सुपुत्र आलेख बैस उम्र 19 वर्ष का आकस्मिक निधन 16 मई को विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश में हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मई को नगर की गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### टी आर कोसरे



**अकलतरा।** ग्राम मुरलीडीह के प्रतिष्ठित नागरिक टी.आर. कोसरे का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को मुरलीडीह के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जरुरी काम से जिला मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों को नहीं मिल रहा ठंडा पानी

# शोपीस साबित हो रहे जगह-जगह लगे वाटर एटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मई महीने के तीसरे पखवाड़े में शहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सीयस तक जा पहुंचा है। दोपहर के वक्त लोग चलते समय स्कार्फ एवं गमछे का उपयोग भी कर रहे है। आने वाले दिनो में तापमान और भी बढ़ने के आसार है। इधर जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों में लाखों रुपए की लागत से बना वाटर एटीएम महज शो-पीस बनकर रह गया है। शहर सहित आसपास के गांव से पहुंचे लोगों को वाटर एटीएम का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



शहर के हृदय स्थल कचहरी चौक में लगा वाटर एटीएम।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नया बस स्टैंड, जिला अस्पताल, जिला पंचायत सहित अन्य जगहों पर लाखों रूपए खर्च कर वाटर एटीएम लगाया गया है ताकि लोगों को 1 रुपए में सस्ता व शुद्ध पानी आसानी से उपलब्ध हो सके, लेकिन नगरपालिका द्वारा लाखों रूपए की लागत से बना वाटर एटीएम महज शोपीस बनकर रह गया है। भरी गर्मी में वाटर एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वाटर एटीएम मशीन में 1 रूपए का सिक्का डालने के बाद उसमें से ठंडा पानी निकलता है। इधर सिक्का डालने के बाद भी वाटर एटीएम से एक बूंद भी पानी नही निकल पाता जिसके चलते लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कचहरी चौक के पास एवं बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों में भी लाखों रूपए खर्च कर वाटर एटीएम मशीन लगाई गई है ताकि यहां काम से पहुंचे लोगों को ठंडा पानी मिल सके, लेकिन वाटर एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस वाटर एटीएम मशीन से में सिक्का डालने पर पानी निकलता है। एक सिक्का चलित पानी आरो मशीन जिसे सबसे किफायती कीमतो और सुविधा पर स्वच्छ पेयजल देने के लिए किसी भी सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर स्थापित किया जा सकता है। वाटर एटीएम सिक्का, पुश बटन या फिर कार्ड के माध्यम से संचालित किया जाता है। इससे ठंडा पेयजल भी प्राप्त होता है, लेकिन इस तरह ठंडे पेयजल की सुविधा वाटर एटीएम के माध्यम से नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जांजगीर चाम्पा को सर्वाधिक गर्म स्थान माना जाता है। ऐसे में यहां के लोगों की परेशानी गर्मी के दिनो में और भी बढ़ जाती है। सुबह एवं शाम के समय जहां तापमान कुछ हद तक कम रहता है। वहीं दोपहर के समय तो गर्मी और भी बढ जाती है। इधर गर्मी बढ़ने के साथ ठंडा पेय पदार्थो की मांग भी बढ गई है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य जगहों पर गन्ना रस, जूस, नारियल पानी, छाछ, लस्सी सहीत अन्य पेय पदार्थो का उपयोग लोग गर्मी से बचने के लिए भी कर रहे है, जिसके कारण ठंडा पेय पदार्थो की मांग बढ गई है।



## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जर्जर ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

देवरी से अमरुवा तक बनी सड़क बदहाल हो गई है। सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ उखड़ी गिट्टियों और बड़े बड़े गड्ढों के चलते दुर्घटना की आशंका

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित इस सड़क से प्रतिदिन ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों का आवागमन होता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। उखड़ी गिट्टियों और बड़े बड़े गड्ढों के चलते दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बारिश के दिनों में सड़क की हालत और अधिक खराब हो जाएगी, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएगी। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन को ध्यान आकर्षित कर मांग की है कि नई सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान सूर्य पुत्र शनिदेव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जेठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को नगर के राम सागर तालाब के पार में स्थित शनि मंदिर में भगवान सूर्य के पुत्र शनिदेव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना कर भगवान शनि देव पर तेल चढ़ाया गया। शनि मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर भगवान शनिदेव की प्रतिमा के सामने सरसों तेल चढ़ाने के साथ भोग लगाया गया और विधि-विधान से पूजा भी की। इसके अलावा कई हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।



**खास बात**

■ पूजा अर्चना कर भगवान को चढाया गया प्रसाद व तेल

जय शनिदेव सेवा समिति के अशोक कैवर्त्य ने बताया कि जयंती पर मंदिर में शनि भगवान की विशेष पूजा-अर्चना करनेके बाद प्रसाद चढ़ाया गया। भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरेश मुकीम, विनोद भार्गव, राजकुमार केडिया, श्याम अग्रवाल, मामचंदअग्रवाल, पवन लिखमानिया, विनोद सिंघानिया, हरीश गोयल,विनय केडिया, राज शर्मा, योगेश सिंह, सुमन भार्गव, जगदीश चंदवानी, संतोष कश्यप, लक्ष्मी प्रसाद कैवर्त, छतलाल कैवर्त, मदनलाल कैवर्त, बबलू कैवर्त, शिव कुमार कैवर्त्य, सौरभ कैवर्त्य, हर्ष कैवर्त्य, दीपक भार्गव, साक्षी कैवर्त्य, शिवा कैवर्त्य एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इसके अलावा ग्राम बरगवां में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बजरंग चौक में स्थित हनुमान मंदिर, मिनीमाता चौक के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा के सामने पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या श्रद्धालु मौके पर उपस्थित थे।

## सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए रखा वट सावित्री व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

चांपा व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या के पावन अवसर पर वट सावित्री का व्रत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, अच्छी सेहत और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही राम बांधा तालाब के मंदिरों और आस-पास बीजक घाट, नायक घाट

■ वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर मांगी पति की दीर्घायु

सार्वजनिक स्थलों पर लगे बरगद (वट) के पेड़ों के नीचे व्रती महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिनों में सुबह से ही खासा उत्साह देखा गया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर और सोलह श्रृंगार करके पूजा स्थलों पर पहुंचीं तथा बहुत से सुहागिन महिलाओं ने घर पर ही वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित किया और फल, फूल, भीगे चने, रोली और अक्षत चढ़ाए। इसके बाद महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर सूत का कच्चा धागा लपेटते हुए 7 और 108 बार परिक्रमा की और अपने अखंड सौभाग्य की कामना की। कहीं कहीं सत्यवान



पूजा अर्चना करती महिलाएं।

सावित्री के कथा का भी श्रवण किया गया। धार्मिक पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन सती सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और तप के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं इस परंपरा का निर्वहन करती आ रही हैं।

### पति की लंबी आयु के लिए की वटवृक्ष की पूजा

**अकलतरा।** नगर एवं क्षेत्र की महिलाओं के द्वारा पति की लंबी आयु की मनोकामना लेकर वट सावित्री व्रत का रखकर वटवृक्ष एवं पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। शनिवार 16 मई को नगर एवं क्षेत्र की सुहागिनों ने पति की



दीर्घायु और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री की पूजा अर्चना की। भीषण गर्मी में भी महिलाओ ने निर्जला व्रत कर इस सुहाग पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। दुल्हन की तरह सोलह कर श्रंगार कर वट वृक्ष पर पहुचकर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ व्रत को पूरा किया। अकलतरा एवं आसपास के क्षेत्र के सभी गांव में विशेष कर तालाबों में वट वक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही।

### सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत, मांगी पति की लंबी आयु

**राहौद।** अखण्ड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिनो ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस अवसर पर सुबह से ही मोहल्ले की महिलाओ ने एकत्रित होकर सावित्री - सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी, महिलाओ ने विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा की।



परिक्रमा कर कच्चे सूत का धागा लपेटा और फल, फूल, मिष्ठान व अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। वट सावित्री का उपवास रखने वाली महिलाओ में श्रीमती अदिति सोनी, आराधना योगी, सुषमा यादव, सपना यादव, शांति यादव, सरोजनी यादव, कविता देवांगन, शांति यादव, राधा, भूरी, गायत्री, बिट्टू, ज्योति सहित महिलाये मौजूद थी।

## बोर्ड परीक्षा में डीपीएस के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चांपा।** सीबीएसई कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने शानदार परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, समर्पण एवं अथक परिश्रम के बल पर उत्कृष्ट अंक अर्जित कर न केवल अपने अभिभावकों, बल्कि विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



विद्यालय की छात्रा ख्वाहिश शेख ने 93.2 प्रतिशत, जाह्नवी घृतलहरे ने 92.6 प्रतिशत, सकीना लोहावाला ने 91.6 प्रतिशत, स्तुति अग्रवाल ने 91.2 प्रतिशत, मानसी जगत ने 90.6 प्रतिशत, अभिजीत सोनी ने 90.4 प्रतिशत, आस्था पटेल ने 88 प्रतिशत, अनादि शर्मा ने 85.6 प्रतिशत, आरुष शर्मा ने 84.4 प्रतिशत तथा सूर्य प्रताप सिंह ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अभिभावकों के सतत सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता केवल सपनों से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से प्राप्त होती है। डी.पी.एस. के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि प्रयास सच्चे हों, तो सफलता अवश्य मिलती है। अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों एवं विद्यालय की प्राचार्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 30 लाख रुपए की लागत से हो रहा महतारी सदन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

ब्लॉक मुख्यालय के खेल मैदान के पास इन दिनों राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजना महतारी सदन का निर्माण कार्य लगभग 30 लाख की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य 30 जून तक पूरा होना है। 17 तारीख को महतारी सदन के लेंटर का कार्य किया जा रहा था। देखने में आया कि पूरे दिन कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विनोद सेन के साथ ब्लॉक मुख्यालय के एसडीओ प्रभात कुमार यादवेश तथा सब इंजीनियर ओम प्रकाश मरावी भीषण गर्मी में लेटर कार्य का निरीक्षण करते हुए मजदूरों



निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश देते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता।

को आवश्यक निर्देश देते रहे ताकि लेटर मजबूती के साथ गुणवत्ता के साथ बने। बताया जा रहा है इसमें एक दुकान एक ऑफिस ,मीटिंग हॉल ,किचन ,शौचालय के अलावा स्नानागार भी साथ में होगा जिससे आने वाले समय में महिलाओं को इसका भारी लाभ मिलेगा इस कार्य का कार्य एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन अभियंता सक्ती है।

### गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय द्वारा संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

# शास्त्रीय संगीत से मन को मिलता है सुकून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय के द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिता 13 मई को देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में हुई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य बिर्रा , एकादशियाँ साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा ,अमित भारद्वाज डिप्टी कलेक्टर ,मणिलाल कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी बिर्रा ,डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हास्पिटल बिर्रा, धनेश मिश्रा संचालक वन्दे मातरम स्कुल नवागढ़, दिनेश चंद्रा संचालक डीपीएस स्कूल बिर्रा,तोषण प्रसाद तिवारी से.नि. व्याख्याता, रामकिशोर देवांगन शैक्षिक समन्वयक बिर्रा,लछनाथ देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती शारदा के तैलचित्र पर पूजार्चना कर किया गया।



प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

मंत्रोच्चार पं. प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज तिवारी व संतराम बर्मन द्वारा किया गया। इस मौके पर रितेश रमण सिंह ने कहा कि बिर्रा क्षेत्र में संगीत का प्रचार-प्रसार हो रहा है , जो हम सब के लिए गर्व का विषय है। मणिलाल कश्यप ने कहा कि गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय संगीत के प्रचार प्रसार के लिए सतत कटिबद्ध है। संगीत से विद्यार्थी की शालेय शिक्षा उत्कृष्ट होती है। एकादशियां साहू ने कहा कि शास्त्रीय संगीत को समझना काफी कठिन कार्य है, लेकिन मानसिक शांति शास्त्रीय संगीत देता है अन्य संगीत नहीं। अमित भारद्वाज ने कहा कि यदि हम लक्ष्य बना लें , तो कोई भी कार्य मुश्किल नही है। यदि आपका लक्ष्य संगीत है, तो उसके लिए समर्पित होकर अभ्यासरत होना होगा। दिनेश चंद्रा ने कहा कि संगीत के प्रचार प्रसार में सहभागिता निभाना हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ. शुभम ने कहा कि संगीत सिर्फ मनोरंजन का विषय नही है , बल्कि यह असाध्य रोगों को ठीक करने का सामर्थ्य रखता है। कार्यक्रम को धनेश मिश्रा, तोषण प्रसाद तिवारी, रामकिशोर देवांगन ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में 78 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। तीनों संवर्ग में विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आर के सोनवानी, दुष्यन्त साहू, रेशमलाल कश्यप, श्रवण थवाईत, श्रवण कश्यप, गोपाल कर्ष, देवनंदन रात्रे , गीता कर्ष , शशि मोहन कुर्रे ,दिनेश सिदार, नीलू श्रीवास , जयंत कश्यप , रोहित आदित्य, जगेंद्रदास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

